महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री ने मतदान के बाद मतदाताओं का जताया आभार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में जनता के बेहतर रूझान, अच्छी वोटिंग प्रतिशत को देख कांग्रेस के रणनीतिकार खुश हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दूसरे चरण के मतदान के बाद मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने जिस उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया है उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस सरकार के पांच साल के कामकाज पर स्वीकृति की मुहर लगाई है। सीएम बघेल ने कहा है कि कांग्रेस भारी बहुमत के साथ फिर सरकार बनाएगी और फिर पहले की तरह ही मतदाताओं से किए अपने वादे निभाएगी। उन्होंने कहा है कि पिछले पांच साल सरकार ने जिस तरह किसान, मज़दूर, आदिवासी, युवाओं और महिलाओं सहित सभी वर्गों का खयाल रखा उसी की वजह से जनता का आशीर्वाद कांग्रेस को फिर से मिला है। उन्होंने युवाओं के उत्साह की विशेष रूप से सराहना की है। उन्होंने प्रदेश के कारोबारी वर्ग को भी धन्यवाद देते हुए कहा है कि वे इसी तरह कांग्रेस का साथ निभाते रहे तो जल्द ही छत्तीसगढ़ कारोबार में भी देश में अपना विशिष्ठ स्थान बनाएगा।

तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में कैद, 3 दिसंबर को काउंटिंग के दिन खुलेंगी ईवीएम

बिलासपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों का भाग्य स्ट्रांग रूम में कैद हो गया है। कोनी स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनें सुरक्षित रखकर रूम को सील कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण व एसपी संतोष सिंह द्वारा चुनाव आयोग के प्रेक्षक, प्रत्याशियों और राजनीतिक दल के पदाधिकारियों की मौजूदगी में सीलिंग की कार्रवाई पूर्ण की गई। बीएसएफ के जवानों की एक कंपनी दिन रात स्ट्रांग रूम एवं परिसर की सुरक्षा में तैनात की गई है। सीलिंग पूर्ण होने के बाद पूरा परिसर बीएसएफ के आम्र्ड जवानों ने अपने कब्जे में ले लिया है। मतगणना के दिन ही 3 दिसंबर को ये स्ट्रांग रूम खोली जाएगी। परिसर में पहुंचने के लिए तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था चेकिंग रखी गई है। राजनीतिक दल व प्रत्याशी भी स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते है। रिटर्निंग अफसर द्वारा उन्हें फोटोयुक्त पास जारी किया जाएगा। लेकिन ये अपने पास लैपटॉप अथवा वाइफाई युक्त कोई डिवाइसेज नहीं रख पाएंगे। परिसर में हर तरह के गतिविधियों की रिकॉर्डिंग के लिए दर्जनों सीसीटीवी कैमरे फिट किए गए हैं। कुल मिलाकर इतनी तगड़ी सुरक्षा इंतजाम है कि परिंदा भी पर नहीं मार पायेगा। उल्लेखनीय है कि जिले की छह विधानसभा क्षेत्र जैसे कि बिलासपुर, बेलतरा, कोटा, तखतपुर, मस्तुरी और बिल्हा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना एक साथ कोनी के इसी इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में होगी। सीलिंग के अवसर पर चुनाव आयोग के प्रेक्षक उदयन मिश्रा, नायली इते, कुमार प्रशांत सहित जिला पंचायत सीईओ अजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी तथा संबंधित रिटर्निंग अफसर उपस्थित थे।

मानिकपुर कालोनी में पाइप लाइन बदलने का काम शुरू

कोरबा (आरएनएस)। एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में काफी लंबे समय से पेयजल की समस्या रही है। कई स्थानों पर पाइप लाइन फटे होने की वजह से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलता था। एसईकेएमसी के द्वारा इस मामले को कई बार उठाया गया। लगातार दबाव के चलते प्रबंधन को आखिरकार पाइप लाइन बदलने के लिए विवश होना पड़ा। एसईकेएमसी के प्रमोद बनर्जी ने बताया कि कालोनी में पाइप लाइन बदलने का काम शुरू कर दिया गया है। जिसको लेकर कामगारों में काफी हर्ष है।

महासमुंद जिले में कुल 81.52 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया उपयोग : महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

- कलेक्टर के मार्गदर्शन में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न हुआ संपन्न
- मतदान की प्रक्रिया पूरी कर मतदान दलों की हुई सकुशल वापसी
- ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम में सील
- मतगणना रविवार 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से

महासमुंद (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत महासमुंद जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न हुआ। मतदाताओं में मतदान के लिए उल्लास एवं उत्साह देखा गया। शाम 05:00 बजे के पश्चात भी कई मतदान केन्द्रों में लोग कतार में खड़े होकर मतदान का इंतजार करते रहे। मतदान में महिलाओं ने पुरूषों के मुकाबले अधिक मतदान किया। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की शुक्रवार देर रात सकुशल वापसी हो गई है। आज प्रेक्षक, राजनीतिक दलों की उपस्थिति में सभी मशीनों को विधानसभावार स्ट्रांग रूम में सील किया गया। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। मतगणना रविवार 3 दिसंबर 2023 को सुबह 8 बजे से पिटियाझर कृषि उपज मंडी परिसर में किया जाएगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में कुल 81.52 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42 अंतर्गत कुल 2,08,697 मतदाताओं में से 80 हजार 526 पुरुष मतदाताओं तथा 82 हजार 913 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। दो थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने भी मतदान किया। इस तरह कुल 1,63,441 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान का कुल प्रतिशत 78.31 रहा। जिसमें महिलाओं का 77.72 प्रतिशत एवं पुरुषों का 78.94 प्रतिशत मतदान रहा।

विधानसभा क्षेत्र खल्लारी-41 अंतर्गत कुल 2,17,323 मतदाताओं में से 88 हजार 387 पुरुष मतदाताओं तथा 90 हजार 659 महिला मतदाताओं ने वोट किया। एक थर्ड जेंडर मतदाता ने अपने मत का प्रयोग किया। इस तरह कुल 1,79,047 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान का प्रतिशत 82.39 रहा। जिसमें महिलाओं का 82.09 प्रतिशत एवं पुरुषों का 82.7 प्रतिशत मतदान रहा।

विधानसभा क्षेत्र बसना-40 अंतर्गत कुल 2,24,450 मतदाताओं में से 92 हजार 652 पुरुष मतदाताओं तथा 95 हजार 139 महिला मतदाताओं सहित एक थर्ड जेंडर ने भी मतदान किया। इस तरह कुल 1,87,792 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान का प्रतिशत 83.67 रहा। जिसमें महिलाओं का 83.51 प्रतिशत तथा पुरुषों का 83.83 प्रतिशत मतदान रहा।

सरायपाली-39 अंतर्गत कुल 2,05,033 मतदाताओं में से 83 हजार 561 पुरुष मतदाताओं तथा 83 हजार 976 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इस तरह कुल 1,67,537 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें कुल मतदान का प्रतिशत 81.71 प्रतिशत रहा। इसमें महिलाओं की 81.79 प्रतिशत तथा पुरुषों 81.63 प्रतिशत भागीदारी रही।

सेवा पथ संस्था निकालेगी 9 कन्याओं की अनोखी बारात

रायपुर (आरएनएस)। एक बेटी का पिता होना जहां एक ओर समाज में गर्व करने वाली बात है। वहीं वर्तमान कुरीतियों के कारण अभिशाप भी होती जा रही है। बेटी की विवाह में भव्य आयोजन करने की आडंबर और एक दूसरे से अधिक दहेज देने की होड़ का अनुसरण करते -करते मध्यम वर्गीय पिता अपनी बेटी की शादी तो धूमधाम से कर लेता है, उसके बाद वो पूरी जिदंगी मेहनत करके उस शादी का कर्ज चुकाते-चुकाते बुढ़ा हो जाता है। इन्ही ज्वलंत समस्याओं और कुरीतियों को ध्यान में रखते हुए सामाजिक संस्था सेवा पथ द्वारा चौथी बार 19 नवंबर रविवार को एक ही मंच में एक साथ 9 कन्यादान का नि:शुल्क विवाह संपन्न कराया जा रहा है। जिसमें सभी वर-वधु का एक साथ मुकुट बंधन, बारात, लेडीस संगीत, माता स्वरूपी कन्याओं की आरती, फेरे और रिसेप्शन विधि विधान से संपन्न कराए जाएंगे।

संस्था के प्रमुख सदस्य पहलाज खेमानी और राजा बजाज ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि सेवा पथ विगत 3 वर्षों में 3 बार कन्यादान का ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है। पुन: चौथी बार यह नि:शुल्क कन्यादान संपन्न करा रही है। इससे समाज की दशा और दिशा बदलने में सहायक होगी। साथ ही साथ जो माता-पिता अपने बच्चों के विवाह के लिए चिंतित है उन्हें भी इन कुरीतियों से निजात मिलेगी। इस आयोजन में विवाह करने वाले वर-वधुओं की इच्छा अनुसार दूल्हों के अलवा 9 कन्याओं की भी अनूठी बारात निकाली जाएगी।

संस्था की वरिष्ठ महिला सेवादा शकुंतला लखवानी व सुलोचना नारायणी ने बताया कि इस कन्यादान में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश व उड़ीसा के वर-वधु आकर विवाह के पवित्र बंधन में बंधेंगे और अपनी गृहस्थी शुरू करेंगे। संस्था द्वारा दहेज मुक्त विवाह की एक अनुकरणीय पहल की गई। जिसमें किसी भी बेटी के पिता को कोई आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ेगा, बल्कि विभिन्न समाजसेवियों द्वारा अपनी खुशी से यदि कोई आशीर्वाद रूपी उपहार वर-वधु को देने की इच्छा होगी तो वे खुद अपने हाथों से रिसेप्शन में आकर दे सकते है।

ओएचई केबल की चपेट में आकर झुलसा ग्रामीण

कोरबा (आरएनएस)। जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर न्यू रेलवे साइडिंग बंकर के पास ओएचई केबल की चपेट में आने से एक ग्रामीण झुलस गया। उसे डॉयल 112 की टीम ने मौके से उठाया और मेडिकल कॉलेज हास्पिटल में भर्ती कराया। चिकित्सकों की निगरानी में पीडित का उपचार किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दीपका पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एसईसीएल की गेवरा खदान के न्यू रेलवे साइडिंग बंकर के पास यह घटना हुई। बताया गया कि 11 हजार वोल्टेज के ओएचई केबल के संपर्क में आने से एक ग्रामीण झुलस गया। उसकी पहचान गेवरा निवासी दिग्विजय सिंह के रूप में हुई है। परिजनों को इस बारे में अवगत करा दिया गया है। खबर के मुताबिक करंट के प्रभाव में आने के साथ वह गिरकर तड़प रहा था। एसईसीएल की खदान में सुरक्षा के लिए कार्यरत जवानों की नजर उस पर पड़ी। उनके द्वारा प्रबंधन और पुलिस को इस संबंध में अवगत कराया गया। कुछ देर बाद पुलिस की डॉयल 112 की सर्विस यहां पहुंची। कर्मियों ने पीडित को रिकव्हर करने के साथ स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा दिलाई और उसे मेडिकल कॉलेज हास्पिटल भिजवाया। यहां बर्न यूनिट में करंट से झुलसे पीडित को भर्ती करने के साथ उसकी चिकित्सा की जा रही है।

भारी मात्रा में 500 किलोग्राम महुआ लाहन व 155 लीटर शराब जब्त

कोरिया-रायपुर (आरएनएस)। आबकारी आयुक्त महादेव कावरे के निर्देशन में पूरे प्रदेश में अवैध शराब के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के क्रम में टीम ने 159 लीटर महुआ शराब जब्त करने में सफलता पाई है।

सूत्रों ने बताया कि विशेष सचिव सह आबकारी आयुक्त महादेव कावरे द्वारा दिये गये निर्देश के तारतम्य में उपायुक्त विजय सेन शर्मा के निर्देश अनुसार व जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह के विशेष मार्गदर्शन में जिला कोरिया मनेन्द्रगढ़ छत्तीसगढ़ में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। क्षेत्र में महुआ शराब बनाकर बेचने वाले आरोपी सीता पिता हंस कुमार रजवार 39 वर्ष निवासी खरवत थाना चरचा को पकडक़र 4 लीटर महुआ शराब व 70 किग्रा महुआ लाहन बरामद किया गया है। इसी तरह फटपानी थाना बैकुंठपुर के जंगल में महुआ शराब बचाने की सूचना पर दबिश दी गई। यहां से 155 लीटर महुआ शराब तथा 500 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया है। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सपना सिन्हा व परि0आबकारी उप निरीक्षक शिवेन्द्र मराबी व आबकारी स्टाफ कोरिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

युवक को कुचलने के बाद लोनर हाथी पहुंचा पसान रेंज

कोरबा (आरएनएस)। पड़ोसी एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत मोगरा में एक युवक को कुचलकर मौत के घाट उतार देने वाला खतरनाक लोनर हाथी कोरबा जिले में पहुंच गया है। इस लोनर हाथी को आज सुबह कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में विचरण करते हुए देखा गया। खतरनाक लोनर क्षेत्र में आने से हडकंप मच गया है।

वन विभाग द्वारा इसकी निगरानी करने के साथ ही आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। लगभग 55 हाथी पसान परिक्षेत्र के पनगवां व सरमा गांव में दो झुंडों में पहले से मौजूद है। खतरनाक लोनर के आने से विभाग की परेशानी और भी बढ़ गई है। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। रेंज के गुरमा परिसर में घूम रहे 47 हाथियों के दल ने बीती रात उत्पात मचाते हुए कई किसानों की फसल को रौंद दिया। इतना ही नहीं खलिहानों में पहुंचकर वहां रखे धान की खरही को भी नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक दल में 4 बेबी एलिफेंट भी है। बेबी एलिफेंट होने की वजह से दल आगे नहीं बढ़ रहा है और पिछले 4 दिनों से यहां डेरा डालकर उत्पात मचा रहा है। जिससे ग्रामीण दहशत में हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है फिर भी ग्रामीण आशंकित हैं कि कहीं हाथी गांव में पहुंचकर बड़ा नुकसान न पहुंचा दे। हाथियों के डर से ग्रामीण फसल काटने अपने खेतों में भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। वन विभाग भी ग्रामीणों को विशेष सतर्कता बरतने व हाथियों से दूरी बनाए रखने की सलाह दे रहा है।

कुत्तों की संख्या में बढ़ोत्तरी, लोगों पर हमले की घटनाएं भी जारी

कोरबा (आरएनएस)। ठंड के सीजन की शुरुआत होने के साथ नगर और विभिन्न क्षेत्रों में कुत्तों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इसी के साथ समूह में विचरण करते हुए लोगों पर हमले की घटनाएं भी बढ़ गई है। ऐसे में हर कहीं खतरे बने हुए हैं और लोग चिंतित हैं। कुत्तों से मारपीट करने के मामले पर संज्ञान लेने वाले संगठन इंसानों पर होने वाली घटनाओं के मामले में शांत हैं और सरकार के स्तर पर भी कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जबकि चंडीगढ़ हाईकोर्ट ने ऐसे ही मसलों को लेकर अब किसी व्यक्ति के साथ घटना होने पर राज्य सरकार पर जवाबदेही तय करने की बात कही है।

कोरबा में खासतौर पर कुत्तों की चिंता करने के लिए कुछ संगठन के लोग ज्यादा ही सक्रिय हैं। जिनकी प्राथमिकता केवल इस बात पर है कि किसी भी कारण से लोग सामान्य या पागल कुत्तों को परेशान न करें। इस बारे में किसी भी स्तर से मिली शिकायत पर नई दिल्ली से लेकर कोरबा से फोन आने शुरू हो जाते हैं और लोगों पर दबाव भी बनाया जाता है। लेकिन इससे अलग हटकर कुत्तों के द्वारा किये जाने वाले हमलों और उनमें घायल होने के साथ कई प्रकार से परेशानी झेलने वाले इंसानों के मामलों में संगठन की संवेदनहीनता जस की तस है। कोरबा नगर के शारदा विहार, मुड़ापार, एमपीनगर, आईटीआई और अन्य क्षेत्रों में इन दिनों कुत्तों के झुंड नजर आ रहे हैं जो आवाजाही करने वालों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने लोगों को चिंतित किया है। वहीं किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से नाराज भी कर दिया है। उधर चंडीगढ़ हाईकोर्ट ने 193 याचिकाओं की सुनवाई करने के साथ कहा है कि अगर इस प्रदेश में कुत्तों के काटने की घटनाएं होती है तो उसके लिए राज्य सरकार दोषी होगी और पीडित व्यक्तियों को 10 हजार व 20 हजार रुपए तक की क्षतिपूर्ति देनी होगी।

उपार्जन केन्द्रों में शुरू हुई धान की आवक, बायोमेट्रिक से सत्यापन अनिवार्य

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी शुरू हुए एक पखवाड़े हो गए हैं, लेकिन अभी तक धान की आवक में तेजी नहीं आई है। हालांकि शासन ने धान खरीदी की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए बायोमेक्ट्रिक्स से सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। मशीनें सभी उपार्जन केंद्रों में पहुंची चुकी है। अब इसी माध्यम से ही धान की खरीदी होगी।

जिले में धान खरीदी एक नवंबर से शुरू हो गई थी, लेकिन बायोमेट्रिक्स मशीन नहीं पहुंची थी। इस कारण पखवाड़े भर से उपार्जन केंद्रों में बिना बायोमेट्रिक्स से धान की खरीदी की गई। लेकिन अब किसानों को बायोमेट्रिक्स मशीन में थंब लगाना होगा। इसके बाद धान की खरीदी की जाएगी। इसके लिए जिले के सभी 65 उपार्जन केंद्रों में मशीनें पहुंच गई है।

बायोमेट्रिक्स मशीन को तौल मशीन के साथ अपडेट किया जा रहा है। इधर उपार्जन केंद्रों में धान की आवक कम है। 15 दिनों के भीतर 998 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। गौरतलब है कि विगत दिनों तक उपार्जन केंद्रों में मशीन नहीं पहुंचने की वजह से पुरानी पद्धति से धान की खरीदी की जा रही थी। किसान धान की कटाई में लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कि 50 फीसदी धान की कटाई लगभग पूरी हो चुकी है। अब धान की मिसाई सहित अन्य कार्य में जुटे हुए हैं। इससे कुछ दिनों के बाद धान खरीदी में तेजी आने की उम्मीद लगाई जा रही है। जिले में दो साल पहले 49 उपार्जन केंद्र थे। इस साल पांच नए उपार्जन केंद्र के साथ दो साल के भीतर 16 नए केंद्र बनाए गए हैं। इससे किसानों को लंबी दूरी का चक्कर काटने से राहत मिली है। किसानों का परिवहन खर्च भी कम हुआ है। इसे लेकर किसानों में उत्साह है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU